कलयुग के भगवान् | By Kumaar Mukesh

दीनो की सुनने वाले हे कलयुग के भगवान
दु:ख सबके हरने वाले बाबा तुम कृपा निधान
दु:ख सबके हरने वाले बाबा हो कृपा निधान

देवो में देव बड़े तुम खाटूवाले हो
झोली भरते सबकी तुम देव निराले हो
दर पर तेरे शीश झुकाये क्या निर्बल क्या बलवान

तेरी रेहमत की वर्षा जिस पर भी हो जाए
जो जपले नाम तुम्हारा मनचाहा फल पाए
तेरे दर पे एक बराबर क्या निर्धन क्या धनवान

हे श्याम प्रभु तेरा जो भी दर्शन पाए
हो काम सभी पूरे चरणों में जो आये
हे शीश के दानी बाबा तेरी महिमा बड़ी महान

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%95%e0%a4%b2%e0%a4%af%e0%a5%81%e0%a4%97-%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%ad%e0%a4%97%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a5%8d-by-kumaar-mukesh/